स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) और (ख). इस समय प्रति वर्ष जो लगभग 12,500 डाक्टर निकल रहे हैं वे देश की डाक्टरों सम्बन्धी जरूरत को पूरा करने के लिए काफी समझे जाते हैं। इसलिए भारत सरकार पांचवीं पंच वर्षीय योजना मे नये मेडिकल कालेज खोलने के पक्ष मे नही है। पाचवी योजना में वर्तमान सुविधाओ मे सुधार और उन्हें सुदृढ़ बनाने पर बल दिया जा रहा है, इनके विस्तार पर नहीं।

**पुर्तगाल तथा स्पेन के साथ संबंधों को मजबूत करना**

*781. श्री एस० एस० दास :
श्री एडुआर्डो फलेरो :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्पेन और पुर्तगाल लोकतंत्र को सुदृढ करने के लिये कोई ठोम कदम उठा रहे हैं और वे लोकतांत्रिक लोगों, भारत सरकार तथा अन्य देशों के साथ मित्रता के संबंध मजबूत करने को उत्सुक हैं ;

(ख) क्या पुर्तगाल के प्रधान मंत्री ने पुर्तगाल के विदेश मंत्री के रूप में अपनी भारत यात्रा के दौरान विशेष दोस्ती का हाथ बढ़ाया था ; और

(ग) यदि हां, तो इन नवजात लोकतंत्र देशों के साथ हमारे संबंध मजबूत बनाने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) जी हां। नवम्बर 1975 में जनरल फ्रैंको की मृत्यु के बाद स्पेन की सरकार ने अपने यहां लोकतन्त्रात्मक पद्धति की सरकार की स्थापना की दिशा में विभिन्न कदम उठाए हैं। 41 वर्ष के बाद 15 जून, 1977 को स्पेन में प्रथम स्वतन्त्र चुनाव हुआ जबकि सार्वभौम मताधिकार द्वारा संसद के अवर सदन और अधिकांश प्रवर सदन का निर्वाचन किया गया। एक नई सरकार का गठन हुआ है और इसने अपने इस इरादे की घोषणा कर दी है कि संसद एक नया संविधान बनाए और अपनाए तथा शासन-तन्त्र में और सुधार करे। स्पेन की सरकार ने इस बात की भी घोषणा कर दी है कि वह शांति-प्रिय सभी देशों के साथ अपने मित्रता के बन्धनों को सुदृढ़ करने की भी इच्छुक है। पुर्तगाल में 25 अप्रैल, 1974 के राज्य-विप्लव में सालाजार-केतानों की सरकार का तख्ता पलट दिया गया था। उसके बाद पुर्तगाल के राजनैतिक और आर्थिक जीवन के सभी क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन हुए। सार्वभौम मताधिकार पर आधारित स्वतन्त्र लोकतांत्रिक चुनावों द्वारा अप्रैल 1976 में निर्वाचित नई संसद ने संविधान सभा द्वारा बनाए गये नये संविधान को स्वीकार कर लिया जिसे इस उद्देश्य के लिए अप्रैल 1975 मे निर्वाचित किया गया था। इन चुनावों के परिणामस्वरूप जो सरकार बनी, उसने अब कार्यभार संभाला हुआ है। राज्याध्यक्ष चुनने के लिए जून, 1976 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुए। पुर्तगाल सरकार ने सभी शांति-प्रिय देशों के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों को सुदृढ़ करने की अपनी इच्छा पर बार-बार जोर दिया है।

(ख) दिसम्बर, 1974 में पुर्तगाल के प्रधान मंत्री डा० सोरेस, जो उस समय पुर्तगाल के विदेश मंत्री थे, की मैत्रीपूर्ण तथा सफल भारत यात्रा के दौरान भारत और पुर्तगाल के बीच सामान्य सम्बन्ध पुन: स्थापित किए गए और 31 दिसम्बर, 1974 को भारत—पुर्तगाल के बीच सम्पन्न संधि ने इसे ठोस रूप प्रदान किया।

(ग) स्पेन के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। भारत और स्पेन के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग से सम्बद्ध एक करार है और

नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग की दिशा में सहयोग के लिए भी एक करार है । आशा है कि यह अच्छे सम्बन्ध भविष्य मे और भी सुदृढ़ होंगे ।

दिसम्बर, 1974 में भारत और पुर्तगाल के सम्बन्ध में सामान्य हो जाने के बाद सभी क्षेत्रों में उनको सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए गए । भारत सरकार ने पुर्तगाल सरकार को सांस्कृतिक करार का मसौदा प्रस्तुत किया है जोकि उनके यहां विचाराधीन है । दोनों देशो के व्यापार प्रतिनिधिमडल एक दूसरे के यहां आए गए और आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग के करार पर हस्ताक्षर किए गए और उसका अनुसमर्थन किया गया । सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आदान-प्रदान आरम्भ हो गया है । भारत और पुर्तगाल ने क्रमश: नई दिल्ली और लिज़बन में अपने अपने राजदूतावास खोल लिए हैं और यह करीब दो वर्ष से कार्य कर रहे हैं ।

**Allocation for Development of P&T facilities in backward districts**

*782. SHRI GIRIDHAR GOMANGO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether the Ministry earmarked money for the development of postal and telecommunication facilities in the identified backward districts;

(b) if so, the allocation made by the Ministry in the year 1977-78;

(c) whether the Ministry intimated the Circles of the States regarding the policy adopted for the backward areas; and

(d) the action taken by the Circles in this regard?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BRIJ LAL VERMA): (a) to (d). The Department is following a liberal policy for providing postal, telegraph and telephone facilities in rural areas. This policy is further liberalised in respect of backward areas.

Under this policy, a post office can be opened in a backward area in case the revenue earned is at least 15 per cent of the estimated annual cost and the loss does not exceed Rs. 1,000 per annum.

Similarly, telegraph and Telephone facilities can be provided in places with a population of over 2,500 in case the revenue earned is at least 15 per cent of the estimated annual expenditure. In the case of a telegraph office, the annual loss should not exceed Rs. 5,000 per annum.

In the case of hilly areas the condition of minimum revenue for opening of post offices, telegraph offices and telephone Public Call offices is further reduced to 10 per cent.

This policy has been intimated to all the Postal and Telecommunication Circles in the country.

The money earmarked for the postal and telecommunication facilities in the rural areas of the country which include the backward areas, in the Fifth Five-Year Plan is Rs. 6.5 crores and Rs. 54.3 crores respectively. No separate allocation is specifically made for backward areas.

During this year, 1,342 post offices, 1,150 telegraph offices and 1,073 telephone public call offices are proposed to be opened in the backward areas.

**Money received by Indian Red Cross Society**

*783. SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) with the cessation of the Second World War how much money was re-